तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025

13 एसडीएम ने दूरस्थ वनांचल के ग्रामों का किया निरीक्षण, मचा हड़कंप



14 सिकासार से छोड़ा पानी तटीय इलाकों को किया सतर्क





## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## किसानों की मेहनत बरबाद, सावन-भादो की बारिश ने दशहरा के आसार भी किए धूमिल

# 16 घंटे की अनवरत बारिश से खेतों में भरा पानी, दर्जनों गांवों में पौधे डूबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम।

पिछले 16 घंटे से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने राजिम क्षेत्र के किसानों की खुशियों पर पानी फेर दिया है। तेज बारिश और हवाओं की वजह से खेतों में खड़ी धान की फसल पानी में डूब गई है और कई जगह फसल हवा के झोंकों से /"सो/" गई है। इस बार सावन-भादो की बारिश भी मौसम को पीछे छोड़ती नजर आ रही है।

राजिम तहसील के जेंजरा, बरोंडा, सिंधौरी, सुरसाबांधा, श्यामनगर, तर्रा, कोपरा, कुरूसकेरा, लोहरसी, भेण्डरी, मुड़तराई, धूमा, परतेवा, पंडरीतराई, कौंदकेरा, देवरी, रवेली, बेलटुकरी, लफंदी, भैंसातरा, बोरसी, किरवई, धमनी, कोलिहाटाड़, रांवड़, परसदा जोशी, कुम्ही, कोमा, पोखरा, बासीन सहित अनेक गांवों के खेतों में धान की फसल पानी में डूबी हुई है।

■ अनवरत मूसलाधार बारिश ने दिखाया तबाही का मंजर

किसानों के अनुसार, हरहुना किस्म की धान की बालियां लहलहा रही थीं, लेकिन बारिश की मार से वे पूरी तरह जलमग्न हो गई हैं। खेतों के मेड़ पानी की धार से बह रहे हैं, जिससे फसल की कटाई में काफी मुश्किलें आने वाली हैं। जेंजरा के किसान महेश साहू, भैंसातरा के हरख राम साहू, प्रमोद साहू और मुड़तराई के प्रकाश वर्मा सहित कई किसानों ने बताया कि यह बारिश उनके लिए आफत लेकर आई है।

### विशेषज्ञों का अनुमान

बारिश के रुकने के बाद ही फसल की स्थिति का सही आंकलन हो पाएगा, लेकिन अभी तक की स्थिति देख कर कहा जा रहा है कि अरली वैरायटी की फसल को खासा नुकसान हो सकता है। लेट वैरायटी फिलहाल इससे कम प्रभावित है।



### किसानों की मांग

किसानों ने बताया कि भारी बारिश और खेतों में पानी की धार के साथ-साथ कीट-पतंगों का भी प्रकोप बढ़ गया है, जिससे फसल बचाना और भी मुश्किल हो गया है। किसान चाहते हैं कि बारिश के बाद अच्छी धूप निकले जिससे फसल की स्थिति सुधर सके।

### किसानों की व्यथा

कई महीनों की मेहनत बारिश ने बर्बाद कर दी। फसल संभालने के लिए दिन-रात मेहनत की, लेकिन इस बारिश ने सारी उम्मीदें खत्म कर दी। अब कीट-पतंग भी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उम्मीद थी कि दशहरा से पहले कटाई शुरू करेंगे, लेकिन अब यह भी मुश्किल नजर आता है। बारिश जारी रही तो नुकसान भारी होगा।"

## क्षेत्र में आंधी के साथ तेज बारिश, बिजली गिरने से कई घरों को भारी नुकसान

**कोपरा।** मंगलवार की रात क्षेत्र में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। गरजते बादलों के साथ जोरदार बिजली कड़कने लगी और आंधी-तूफान के चलते कई जगहों पर भारी तबाही हुई। ग्राम भेंडरी में नवरात्रि पर्व के कार्यक्रम में व्यस्त ग्रामीणों को बिजली की तेज चमक और कड़कती आवाज ने भयभीत कर दिया।

भेंडरी गांव में बिजली गिरने से बलराम यादव के घर की केबल और मीटर जलकर राख हो गए। घर के बल्ब, मीटर टूटकर बिखर गए और दीवारों में छेद तक हो गए। जोहन यादव, रुपेश्वर साहू, थानिक विश्वकर्मा समेत पांच से अधिक घरों में मशीनी उपकरण जलने से भारी नुकसान हुआ। जोहन यादव के पुत्र को बिजली गिरने की तेज आवाज से पंख टूटकर चोट लगी, लेकिन बाल-बाल बच गया। रात भर हुई बारिश और आंधी के कारण इलाके में अंधेरा छा गया। तेज बिजली की चमक से ऐसा लग रहा था मानो दिन हो गया हो।



बारिश और तूफान के कारण ग्रामीण अपने घरों में कैद हो गए, जिससे दैनिक कामकाज भी पूरी तरह ठप हो गया।

### बिजली गिरने के नुकसान

कई घरों के बिजली मीटर, केबल, बल्ब जलकर खाक हुए। दीवारों में छेद और मशीनी सामान का नुकसान भी हुआ। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, पर बाल-बाल बची जान।

**ग्रामीणों की मांगें और राहत कार्य :** प्रभावित परिवारों ने शासन से मुआवजे और शीघ्र मरम्मत की मांग की। सुबह से ही गांव में नुकसान का आकलन कर राहत कार्य प्रारंभ तो किया गया है, वहीं प्रशासन से जल्द बिजली लाइन की मरम्मत और सुरक्षा इंतजाम करने की अपील की गई है।



# जान जोखिम में डाल रहे बच्चे उफनती नदी से शिक्षा बाधित

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी अंचल मैनपुर के अमलीपदर क्षेत्र में विकास की हकीकत सूखा नदी की उफनती लहरों में बहती नजर आ रही है। यहां स्कूली बच्चों को हर रोज़ जान जोखिम में डालकर नदी पार कर स्कूल जाना पड़ता है। मंगलवार को भारी बारिश के बाद जब नदी उफान पर थी, तब भी सैकड़ों छात्र-छात्राएं हाथ पकड़कर एक-दूसरे को सहारा देते हुए नदी पार करते नजर आए।

यह दृश्य किसी रियलिटी शो जैसा लगता है, फर्क बस इतना है कि यहां कोई इनाम नहीं—केवल डर, जोखिम और शिक्षा पाने की मजबूरी है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि हर चुनाव में पुल निर्माण का वादा होता है, लेकिन चुनाव जीतते ही सब कुछ भुला दिया जाता है। अमलीपदर हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल में 10 से ज्यादा गांवों से छात्र आते हैं, जिनमें उसरीजोर, भाठीपारा, गोलामाल, कांडेकेला, डेंडूपदर, मुडामहान, गुरजीभाठा और फरसरा जैसे गांव शामिल हैं। इन गांवों के बच्चों को प्रतिदिन नदी पार करनी पड़ती है।



### प्रतिदिन नदी को पार करने को मजबूर हैं छात्र

यह तस्वीर नदी को पार कर स्कूल जाते छात्र छात्रओ की जो दिखाई दे रही है वह मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम अमलीपदर का है, अमलीपदर में हाईस्कूल एंव हायर सेकण्डरी स्कूल की सुविधा है, और अमलीपदर में ग्राम उसरीजोर, गुढियारी, भाठीपारा, गोलामाल, कांण्डेकेला, डेडन्दुपदर, मुडामहान,गुरजीभाठा, फरसरा सहित एक दर्जन से ज्यादा ग्रामो के सैकडो छात्र छात्रए हाई स्कूल एंव हायर सेकण्डरी स्कूल में पढाई करने नदी को पार कर प्रतिदिन आने मजबूर हो रहे है।

### करोडों रूपये स्वीकृत होने के बाद निर्माण कार्य अधर में

मैनपुर अमलीपदर सूखा नाला पर 2020 में 7 करोड़ की लागत से पुल निर्माण की मंजूरी तो मिल गई पर विभागीय उदासीनता के चलते आज भी इस क्षेत्र के लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है. 150 मीटर पुल के निर्माण की जवाबदारी पीडब्ल्यूडी के सेतु शाखा को मिली थी अब तक पूरा कॉलम का काम नही हो पाया पुल निर्माण तो बहुत दूर की बात है।

## मैनपुर के नजदीक पहुंचा हाथियों का दल, दहशत



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय के नजदीक जंगली हाथियो का दल पिछले एक पखवाड़े से विचरण कर रहा है। जिसके चलते भारी दहशत और डर देखने को मिल रहा है। नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं का देर शाम तक आना जाना लगा हुआ है। हाथियों की दस्तक से लोगों में भारी दहशत देखने को मिल रही है। हालांकि इस क्षेत्र में पिछले 10 सालों से हाथियो का दल पहुंच रहा है। मंगलवार को अपरान्ह 4 बजे मैनपुर से महज 4 किमी दूर बजरंग बली मंदिर के पास नेशनल हाइवे में एक साथ 18 से 20 हाथियों का दल, शावकों के साथ पहुंचा। दल के सड़क को पार करते क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाकर वायरल किया है।

# पुलिस विभाग के काप आफ द मंथ में अधिकारी-कर्मचारी शामिल

**गरियाबंद।** पुलिस विभाग ने अगस्त 2025 के लिए कॉप ऑफ द मंथ का चयन किया, जिसमें वे अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं जिन्होंने अपराध की रोकथाम और आरोपियों की गिरफ्तारी में सराहनीय योगदान दिया। इस पहल से पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरणा भी मिल रही है।

■ आरोपियों की गिरफ्तारी और अपराध नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य का सम्मान

इस माह के लिए चुने गए पुलिसकर्मियों में प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार गिलहरे (थाना छुरा) और आरक्षक योगेश सिंह (थाना गरियाबंद) ने संयुक्त रूप से 196 किलोग्राम गांजा के साथ 4 आरोपियों की गिरफ्तारी की। वहीं, थानों फिंगेश्वर, राजिम, अमलीपदर और मैनपुर के पुलिसकर्मियों ने चोरी, नशीली टेबलेट, छिंद रस शराब और हत्या के मामलों में भी आरोपियों को गिरफ्तार किया। कुल 6 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### कॉप ऑफ द मंथ में शामिल पुलिसकर्मी

प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार गिलहरे (थाना छुरा)
आरक्षक योगेश सिंह (थाना गरियाबंद)
आरक्षक यादराम ध्रुव (थाना फिंगेश्वर)
आरक्षक सुरज कुमार रात्रे (थाना राजिम)
आरक्षक दिनेश यादव (थाना अमलीपदर)
आरक्षक जितेन्द्र परिहार (थाना मैनपुर)

### पुलिस विभाग की पहल के लाभ

इस पहल से पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ता है और उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें प्रेरणा मिलती है। यह प्रक्रिया भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेगी।

## प्रशासन से कई बार आश्वासन के बावजूद बनी हुई है समस्या

# शिक्षक के अभाव में मोंगरा स्कूल में पढ़ाई प्रभावित शिकायत पर कार्रवाई नहीं, तालाबंदी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्राथमिक शाला मोंगरा में शिक्षक की भारी कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वर्तमान में मात्र एक शिक्षिका 66 बच्चों को पढ़ा रही हैं, जबकि पूर्व में तीन शिक्षक तैनात थे। अभिभावकों ने शिक्षकों की व्यवस्था न होने पर स्कूल बंद करने का फैसला लिया है, वहीं प्रशासन इस समस्या के समाधान के लिए बातचीत कर रहा है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने कई बार प्राचार्य, संकुल समन्वयक, ग्राम पंचायत एवं जिला प्रशासन से शिक्षक भेजने की मांग की, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बीईओ ने शिक्षक भेजने का आश्वासन दिया है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

■ 66 बच्चों के लिए एक ही शिक्षिका, पढ़ाई का स्तर गिरने से पालकों में रोष

शिक्षक अभाव के कारण अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल भेजना बंद करने का निर्णय लिया है। वे स्कूल की पढ़ाई प्रभावित होने से चिंतित हैं और शासन प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग कर रहे हैं। वहीं, विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल. मतवाले ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 60 बच्चों पर दो शिक्षक होना अनिवार्य है। अनुपस्थित शिक्षकों के स्थान पर व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों से मार्गदर्शन लिया जा रहा है।



### स्कूल की वर्तमान स्थिति

मोंगरा प्राथमिक स्कूल में कुल 66 बच्चे अध्ययनरत हैं। वर्तमान में केवल एक शिक्षिका कार्यरत हैं। पिछले शिक्षक एक आत्मानंद पद में तैनात हैं, जबकि दूसरा स्वास्थ्य कारणों से लम्बे समय से अनुपस्थित हैं।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया

जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड अधिकारी ने स्थिति को गंभीरता से लिया है। शिक्षक व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा।



# मोंगरा में 29 वर्षों से दुर्गा पूजा का चमत्कारी इतिहास



**छुरा।** ग्राम मोंगरा में 29 वर्षों से लगातार मूर्ति स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही है, इस संबंध में ग्राम के रामचंद्र नायक ने बताया कि उनके द्वारा लगभग आज से 29 साल पहले दुर्गा स्थापना का पूजा प्रारंभ किया गया किंतु लगातार 3 वर्ष स्थापना के पश्चात आर्थिक समस्याएं होने पर उन्होंने पूजन रोकने का निर्णय लिया गया और उस समय चमत्कार हुआ और किसी अनजान व्यक्ति द्वारा आकर उन्हें दुर्गा मूर्ति स्थापना एवं पूजन हेतु आर्थिक रूप से प्रोत्साहित किया और पूजा पुनः प्रारंभ करने की बात कही और पूजा पून प्रारंभ किया गया, इससे उन्होंने कहा किया साक्षात माताजी की कृपा रहेगी, उन्होंने लगातार यहां सेवा करने का अवसर दिया है इसी प्रेरणा से लगातार यहां पर मूर्ति स्थापना का पूजा अर्चना की जाती है उन्होंने कहा ग़्रह कार्यक्रम पूरा परिवार के साथ-साथ ग्रामीणों का भी सहयोग मिलता है और पूरे 9 दिन पूजा अर्चना के भंडारा के साथ कार्यक्रम संपन्न होता है।

# नयापारा में भक्तिमय हुआ माहौल



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मड़ेली नयापारा में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा भव्य दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया है। इस अवसर पर गांव पुरा भक्तिमय माहौल में पूजा-अर्चना किया जा रहा हैं एवं रात्रिकालीन विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जहाँ स्थानीय लोग और श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन के लिए आते हैं ग्रामीण भक्तिमय माहौलः नवरात्र के दौरान यहां भजन-कीर्तन, आरती और जस गीत जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

## अंचल में दुर्गोत्सव



बजरंग चौक बारूला



मौली चौक परसट्ठी



मौली चौक बोड़की



बजरंग चौक पतौरी



शिव चौक परसट्ठी



बजरंग चौक देवगांव



सार्वजनिक समीति देवगांव

# नवदुर्गा महोत्सव में नाचा की धूम



**छुईहा बेलर।** दुर्गा उत्सव समिति मौली चौक चरौदा के तत्वावधान में इस वर्ष भी नौ रात्र पर्व मनाया जा रहा है।

समीति द्वारा दुर्गा प्रतिमा स्थापित किया सुबह शाम आरती चालीसा किया जा रहा है। वहीं समीति के सदस्यों ने सांसद रूपकुमारी चौधरी व विधायक रोहित साहू से मिले, विगत दिनों विधायक की अनुशंसा से छग शासन संस्कृति विभाग और समीति की सहयोग से रात्रि कार्यक्रम अष्टमी में शामिल रामजी धनकुल का नाचा सासंद की अनुशंसा से 26 सितंबर को माखन लाल साहू का नाचा कार्यक्रम स्वीकृत किया गया है। मौली चौक समीति ने सासंद विधायक का आभार व्यक्त किया है। मिलने और अभार व्यक्त करने वालो में भाजपा बुथ अध्यक्ष अभय सिन्हा, ललीत सिन्हा, गौकरण ध्रुव, डंकु सिन्हा, संतोष पटेल, अनुप साहू, कौशल सिन्हा शामिल हैं।

# साजापाली में नवरात्रि की धूम



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम साजापाली में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। गांव गांव में शारदीय नवरात्र बढ़े धूमधाम से मनाई जाती है पुरे नौ दिनों तक सुबह शाम एक घड़ी एक समय में आरती पुजा अर्चना होती है और आरती पुजा अर्चना में ग्रामीण श्रद्धालु भक्तजन सामिल होते हैं।

# मां गरजाई धाम में प्रकृति और आस्था का है अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



क्षेत्र के घने जंगलों से घिरी ऊंची पहाड़ियों पर मां गरजाई का धाम विराजमान है, जो अपनी ईश्वरीय शक्ति और आस्था से 55 गांवों के निवासियों के जीवन में श्रद्धा और विश्वास का केंद्र बना हुआ है। मां गरजाई का मंदिर 510 सीढ़ियों की चढ़ाई के बाद पहुंचा जा सकता है, जो प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक अनुष्ठानों का अनूठा मेल प्रस्तुत करता है। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि मां गरजाई का निवास स्थान धमना की डोंगरी में है, जहाँ उनकी बहन सोनई रुपाई के साथ दरबार लगता है। एक चरवाहा अपने भेड़ों की खोज में उस स्थान पर पहुँचा था, जहां मां गरजाई बैठी थीं। उसने भेड़ों को सही स्थान पर पाया, जिससे पूरे गांव में मां की दिव्यता की चर्चा फैल गई। मां ने अपने वाहन सिंह को गांव भेजकर अपनी उपस्थिति का प्रमाण दिया, जिससे ग्रामीणों की आस्था और दृढ़ हो गई। एक कांस की झंकार से मां का स्थान पहचाना गया और उस स्थान को श्रद्धालुओं ने मां गरजाई का धाम माना।

- 510 सीढ़ियों से सजी पहाड़ी पर विराजित मां गरजाई का असीम आशीर्वाद
- 55 गांवों के देवी-देवताओं का होता है संगम

## मां गरजाई धाम के धार्मिक महत्व

मां गरजाई धाम पर नवरात्रि में विशेष पूजा-अर्चना होती है। 55 आसपास के गांवों के देवी-देवताओं को आमंत्रित कर सामूहिक पूजा की जाती है। यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था का अनूठा संगम है।

## मां गरजाई धाम तक पहुंचने के उपाय

मंदिर तक पहुंचने के लिए 510 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं। धाम घने जंगलों से घिरी हुई है, जो आध्यात्मिक अनुभव को और गहरा करती है। स्थानीय लोग श्रद्धालुओं

# विधायक ने किया शीतला मंदिर का लोकार्पण व हनुमान मंदिर का भूमि पूजन

**कोपरा।** ग्राम पंचायत भेंडरी में मंगलवार को लाखों रुपए की लागत से नवनिर्मित शीतला मंदिर के जिर्णोद्धार लोकार्पण और महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर के भूमि पूजन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष मौके पर राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। ग्रामीणों द्वारा किए गए जोरदार स्वागत और 'रोहित साहू जिंदाबाद' के नारों से वातावरण गूंज उठा। विधायक ने सर्वप्रथम हनुमान मंदिर भूमि पूजन कर विधिवत पूजा अर्चना की, तत्पश्चात फीता काटकर शीतला मंदिर का लोकार्पण किया और गर्भगृह में जाकर माता से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष फिंगेश्वर इंद्राणी नेहरू साहू ने की, जबकि जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक विशिष्ट अतिथि रहे।

- विधायक रोहित साहू का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से किया स्वागत



ग्राम सरपंच तुलेश्वरी साहू ने अपने संबोधन में टीना सेट, पानी टंकी, मिनी गार्डन और नाली निर्माण जैसी कई विकास कार्यों की मांग रखी। विधायक रोहित साहू ने मंच से इन मांगों में से टीना सेट और मिनी गार्डन की स्वीकृति की घोषणा करते हुए कहा कि भेंडरी सहित पूरा प्रदेश मोदी की गारंटी से विकास की राह पर है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कोपरा गोपी ध्रुव, नगर पंचायत अध्यक्ष कोपरा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष फिंगेश्वर सतीश यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू, सरपंच तुलेश्वरी साहू, सरपंच लोमस साहू सरपंच लोमस ध्रुव सरपंच बोधन यादव, मोहन साहू, आनंद साहू, भूषण साहू, पोषण साहू, लखन साहू, मनीष साहू, लीलाराम साहू,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विकास की सौगातें

विधायक रोहित साहू ने मंच से भेंडरी के लिए मिनी गार्डन और शीतला मंदिर प्रांगण में टीना सेट की मंजूरी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि अन्य लंबित कार्यों को भी जल्द स्वीकृत कराकर पूर्ण किया जाएगा, जिससे गांव की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके।

## गरीबों के लिए मोदी की गारंटी

अपने भाषण में विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं और जिनका नाम अभी सूची में नहीं है, उन्हें भी जल्द जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली की समस्या का समाधान लाया जाएगा, जिससे गरीबों को राहत मिलेगी।

# मैनपुर धवलपुर क्षेत्र में नवरात्रि की धूम





**मैनपुर।** मैनपुर, धवलपुर एवं पूरे क्षेत्र में नवरात्र का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधिविधान से पूजा अर्चना किया जा रहा है एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ की भीड़ लग रही है।

# फिंगेश्वर में शारदीय नवरात्रि पर तीन दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ



**फिंगेश्वर।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर तीन दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्री प्रज्ञा पुराण की कथा पुरोहित परमानंद जी की टोली के द्वारा ग्राम बिनौरी में संपन्न हुआ जिसमें ग्राम के अधिक से अधिक लोग बढ़ चढ़कर भाग लिए और गांव के ही एक होनहार बालक भोज राम साहू जो अभी शिक्षा माध्यमिक मंडल में अवर सचिव के पद पर आसीन हैं उन्होंने आधिकारिक दान देकर प्रज्ञा मंदिर बिनौरी को सहयोग देकर मुख्य अजमान बनकर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा संत प्रभात उपाध्याय महासमुंद जी के द्वारा की गई जिसमें प्राण प्रतिष्ठा के बाद पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में युग पुरोहित जी ने कहा कि यह गायत्री वेद माता है जो ज्ञान देगी यह गायत्री देव माता है जो एक ही मंत्र के उपासना करने से सभी देवताओं को प्रसन्न करने का ताकत गायत्री मंत्र में है, और यह गायत्री विश्व माता है जो विश्व के जीवन को पालन पोषण कर प्रसन्नता प्रदान करती है ,ऐसे माता गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा आप सब लोगों के बच्चों में संस्कार आएगा और साथ ही इस यज्ञ में गांव के युवा साथी भाई-बहन लोग भी दीक्षा लिए गुरु दीक्षा लेने वाले भाई में से चतुर राम वेद प्रकाश नीरज कुमार सूरज कुमार यादव टीकेश्वरी साहू चांदनी साहू तुलसी यादव उमेश्वरी साहू सुमन साहू गायत्री साहू योगेश्वरी राकेश कुमार साहू गुरु दीक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को नशा और हिंसा छोड़ने का संकल्प भी लिए इस कार्यक्रम को और सुंदर बनाने के लिए ग्राम के हेमंत साहू दिनेश कुमार साहू चेतन लोकूराम शालिक राम दुर्गा समिति के समस्त कार्यकर्ता भाग लिए टोली में शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि पधारे हुए हरिशंकर महाराज श्याम दुबे नरेंद्र नायक चुन्नीलाल तेजराम विश्वकर्मा राजू साहू और देव कन्या के रूप में सुमित्रा एवं भोज साहू उपस्थित रहे।

- ग्राम बिनौरी में प्रज्ञा पुराण कथा और प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन
- पावन आयोजन में गांव के सभी वर्गों ने लिया भाग

# नवरात्रि में सिर्रीखुर्द में स्थापित की गई ज्वारा-जोत

**छुईहा बेलर।** क्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ दुर्गा की उपासना में भक्तजन अपने घर-आंगन में ज्वारा बोने की परंपरा का निर्वहन करते हैं। इसी क्रम में सिर्रीखुर्द में पुर्वोजो एंव कुल देवी-देवता की परंपरागत रीति-नीति के साथ भक्तिभाव से ज्वारा एवं जोत की स्थापना की गई। सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मचारी टुनु लाल कांति साहू कांति साहू सिर्रीखुर्द ने अपने निज निवास में विधि-विधान पूर्वक ज्वारा बोकर माँ दुर्गा के प्रति श्रद्धा प्रकट की। इस अवसर पर परंपरा के अनुरूप मुख्य जजमान पंडा कमल नारायण मेनका साहू साधनात्मक नौरात्र व्रत का पालन करते हुए पूजा-अर्चना में रत हैं।



प्रति दिन सुबह-शाम आरती उतारने के साथ चालिसा पठन कर रहे हैं। संध्या वंदन बाद जसगीत भजन कीर्तन से सेवा दे रहे हैं ।यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि पूर्वजों से चली आ रही सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प भी है। भक्तिमय वातावरण में स्थापित ज्वारा और जोत ने पूरे गांव को दिव्यता और पावनता से आलोकित कर दिया है। कार्यक्रम के तहत 27 सितम्बर पंचमी,30 सितंबर को महाष्टमी हवन पुजन,1 अक्टूबर को हवन पुर्णाहूती सम्पन्न होगें। क्वांर नवरात्रि पर भक्त माँ दुर्गा के सामने ज्वारा बोते हैं, तो वही परम्परागत जोत ज्वारा भक्ति भाव से स्थापित करने का रिवाज चली आ रही है,जो आज भी वह पुर्वोजो की परम्परा को सिर्रीखुर्द में टुनु लाल कांति साहू साहू अपने निज निवास में सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मचारी ज्वारा जोत नियम विधि पूर्वक स्थापित किए गए हैं। जिसमे मुख्य जजमान पंडा कमल नारायण मेनका साधानात्मक ब्रत का पालन कर रहे हैं। वहीं देवानद ,लीनेश्वरी,आलेख,नैतिक, अनिकेत सहयोग कर रहे हैं।

# लोहरसी साहू समाज की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा।

प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार कोपरा परिक्षेत्र के ग्राम लोहरसी में 18 सितंबर को ग्रामीण साहू समाज की नई कार्यकारिणी का गठन शांतिपूर्वक मतदान प्रक्रिया के बाद संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद को लेकर जगदीश साहू, जागेश्वर साहू और गणेश राम साहू के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें गणेश राम साहू को 36 वोट मिलकर विजयी घोषित किया गया।

- भक्त माता कर्मा साहू समाज का इतिहास गौरवपूर्ण है : गणेश साहू
- गणेश राम साहू भारी मतों से अध्यक्ष निर्वाचित, महिलाओं को भी मिला प्रतिनिधित्व

चुनाव के दौरान नियमों को लेकर हल्का तनाव भी उत्पन्न हुआ, लेकिन मतदान नियमानुसार पूर्ण हुआ। 12 पारों के 60 मतदाताओं ने भाग लिया। उपाध्यक्ष पद पर पुनः नंद कुमार साहू, सचिव यशवंत साहू, महिला उपाध्यक्ष कुंती साहू और महिला सचिव निर्मला साहू



चुनी गईं। 23 सितंबर को शपथग्रहण कार्यक्रम में कोपरा परिक्षेत्र से वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष कमलेश साहू और अन्य पदाधिकारियों ने नवचयनित सदस्यों को भक्त माता कर्मा की तस्वीर के समक्ष शपथ दिलाई। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष शिव साहू, पूर्व अध्यक्ष लोमस साहू, पूर्व अध्यक्ष छन्नू साहू,पूर्व सचिव मिलाप साहू, वरिष्ठ रमेशर साहू, ग्रामीण सदस्य विजय साहू, सोहन साहू, रुस्तम साहू, बेनीराम साहू, नन्द साहू, रामग़ुलाल साहू, मोहन साहू, मुकेश साहू, भूपेंद्र साहू, कोमल साहू, धंन्नु साहू, सोहन साहू, रोहित साहू, गिरधर साहू, उमेंदु साहू, सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण सदस्य मौजूद रहे।

## युवा प्रकोष्ठ की भूमिका अहम

नवचयनित युवा अध्यक्ष उरेन्द्र साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा, भामाशाह और राजिम माता हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं। साहू समाज मेहनत, ईमानदारी और सद्भावना की मिसाल है। हम शिक्षा, व्यापार और राजनीति सभी क्षेत्रों में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं।

## अध्यक्ष ने लिया संकल्प

"समाज सेवा का अवसर मां कर्मा और समाज के आशीर्वाद से मिला है। साहू समाज एकजुटता और सेवा का प्रतीक है। समूह की शक्ति ही व्यक्ति को बड़ा बनाती है, मैं समाज के हित में पूरी निष्ठा से काम करूंगा।"

— गणेश राम साहू, नवनिर्वाचित अध्यक्ष

**खबर संक्षेप**

## जीएसटी सुधारों से युवाओं के लिए रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर पैदा होंगेः संतोश



**मैनपुर।** भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोश यादव ने जीएसटी सुधार लागू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह कदम आत्मनिर्भर भारत की रचना की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से युवाओं के लिए रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होने कहा कि एमएसएमई और स्टार्टअप्स में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी और परिवारों व कारोबारियों पर वित्तीय बोझ कम होगा।

जीएसटी सुधार प्रस्तावों के लागू होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी और कहा कि 22 सितम्बर से लागू हुए अब तक के सबसे बड़े कर–सुधारों में से जीएसटी में हुए कर–सुधार से आम आदमी के जीवन में अहम और सकारात्मक बदलाव आना तय है। केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से आम आदमी की बचत बढ़ेगी और 6 लाख करोड़ रुपए की खपत बढ़ेगी और आम आदमी के जीवन–स्तर व देश के आर्थिक परिदृश्य में क्रांतिकारी मजबूती आएगी।

## 500 किलो महुआ लाहन व 210 लीटर हाथ भट्ठी शराब जब्त



**गरियाबंद।** आबकारी आयुक्त आर. संगीता, कलेक्टर भगवान सिंह उईके एवं जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी टीम द्वारा वृत्त देवभोग के ग्राम गुडियारी से लगे कांदाडोंगर जंगल में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान जंगल में छुपा कर रखे लगभग 500 किलो महुआ लाहन एवं 210 लीटर हाथ भट्ठी शराब बरामद की गई। जब्त सामग्री को नष्ट करते हुए आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं संशोधित अधिनियम 2011 की धारा 34 (2) के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक रजतचंद ठाकुर, नागेशराज श्रीवास्तव, आबकारी मुख्य आरक्षक चंदेलाल गायकवाड़, आबकारी आरक्षक पिताम्बर चौधरी, नगर सैनिक संजय नेताम, मनीष कश्यप, कामिनी सोनी, हेमबाई साहू, वाहन चालक गोवर्धन सिन्हा एवं कुलेश्वर निषाद की विशेष भूमिका रही।

## डंपर पलटने से एक घायल

**महासमुंद।** डंपर पलटने से उसमें बैठा एक व्यक्ति घायल हो गया। मामला सरायपाली थाना क्षेत्र के अंतरला मोड़ के पास का है। पुलिस को प्रार्थी अर्जुन निवासी ग्राम डुमरपाली थाना बसना ने बताया कि उसका भतीजा अजीत डडसेना पिता कुंजलाल डडसेना (20 साल) ग्राम डूमरपाली थाना बसना डंपर क्रमांक सीजी 04 जेसी 8648 में करीब 01 माह से हेल्पर का काम करता था। 14 सितंबर को उक्त वाहन में वह चालक अरूण जगत के साथ ओडिशा गया था।

# जल जीवन मिशन के कार्यों को निर्धारित समय में करें पूर्णः कलेक्टर

जिले में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर बी.एस. उइके ने साफ शब्दों में कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो एजेंसियां और ठेकेदार निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा नहीं कर रहे हैं, उनके अनुबंध समाप्त कर उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

जिला कार्यालय में आयोजित इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के गांववार कार्यों, ठेकेदारों की कार्य प्रगति, और निर्माण की गुणवत्ता पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए और सभी हितग्राहियों के घरों तक नल-जल कनेक्शन सुनिश्चित किया जाए।

**जल जीवन मिशन में संलग्न ठेकेदारों एवं एजेंसियों के बैठक में दिये निर्देश**

### बैठक में ये रहे उपस्थित

इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर नवीन भगत, ईई पीएचई विप्लव घृतलहरे, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय, जनसंपर्क अधिकारी हेमनाथ सिदार, सभी एसडीओ, संबंधित निजी एजेंसियों के प्रतिनिधि और ठेकेदारगण उपस्थित रहे।



### प्रचार-प्रसार और शिविरों में सहभागिता के निर्देश

श्री उइके ने जल जीवन मिशन के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने तथा कर्मयोगी अभियान शिविरों में अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

### पोर्टल पर प्रगति अपलोड की भी समीक्षा

कलेक्टर उइके ने कार्यों की प्रगति को मिशन के पोर्टल पर नियमित अपडेट करने के निर्देश दिए और कहा कि सभी सब-इंजीनियर क्षेत्रीय स्तर पर मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि मॉनिटरिंग में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित इंजीनियरों की भी जवाबदेही तय की जाएगी।

### कारण बताओ नोटिस, नए टेंडर की तैयारी

बैठक में अनुपस्थित ठेकेदारों और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण नहीं करने वाली एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, कलेक्टर ने पूर्व में ब्लैकलिस्टेड ठेकेदारों के अधूरे कार्यों के लिए नए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए।

### निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी में नहीं मिले बच्चे

# एसडीएम ने दूरस्थ वनांचल के ग्रामों का किया निरीक्षण, मचा हड़कंप

**मैनपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर डॉ तुलसीदास मरकाम ने आज बुधवार को क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल ग्रामो के औचक निरीक्षण में पहुंचे आंगनबाड़ी बंद मिला और जिस गांव में आंगनबाड़ी खुले मिले वहा सुबह 11 बजे ही बच्चे नही पहुंचे थे और तो और कई स्कूलो से शिक्षक नदारत मिले जिस पर एसडीएम ने नराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।

एसडीएम के औचक निरीक्षण की खबर लगते ही क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा कई शिक्षक भागते दौड़ते स्कूल जाते दिखाई दिये तो वही एसडीएम ने जमीनी स्तर पर पहुंचकर शासन की योजनाओं की जानकारी लिया और ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओ का लाभ मिले इसके लिए निर्देशित किया है।

ब्लॉक मुख्यालय मैनपुर से 40 किमी दूर ग्राम पंचायत इंदागांव उपस्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर दवा एवं समाग्रियो को व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया साथ ही मौसमी बीमारियो पर विशेष नजर रखते हुए ग्रामीणों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को कहा है साथ ही घर –घर पहुंचकर सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया पीड़ितो की जानकारी लेकर दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।





### शिक्षा की गुणवत्ता पर कड़ी नजर

इस दौरान इंदागांव आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे जहां 11 बजे तक एक भी बच्चे नही पहुंचे थे जिस पर एसडीएम ने नराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के कई गांवो में नवनिहालो को पोशण आहार सही मात्र में नही मिल पा रहा है जिसके कारण मैनपुर ब्लॉक में कुपोशित बच्चो की संख्या बढ़ रही है आंगनबाड़ी से मिलने वाली योजनाओ का भी समुचित लाभ नही मिलने की शिकायत किया गया है। एसडीएम ने स्कूल में पहुंचकर शिक्षा गुणवत्ता के तहत बच्चो से चर्चा किया इस दौरान कई शिक्षक नदारत मिले जिन्हे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण कर जल्द निर्माण कार्य पूरा करने कहा

ग्राम भेजीपदर व तौरेंगा एवं कई ग्रामो में पहुंचकर एसडीएम ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया साथ ही निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करने कहा है। इस दौरान पंचायत एवं स्कूल का भी निरीक्षण किया इस दौरान सरपंच पुरूशोत्तम सोम एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# गौ विज्ञान परीक्षा के लिए हुई विकासखंड स्तरीय बैठक



**छुरा।** भारतीय संस्कृति में गौवंश को माता का दर्जा दिया गया है। गाय के दूध, गोबर और मूत्र के औषधीय व जैविक गुणों को विज्ञान ने भी प्रमाणित किया है। इसी दृष्टि से छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार छुरा में गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर के निर्देशन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल. मतावले एवं बीआरसी हरीश देवांगन के मार्गदर्शन में सभी प्राचार्य, प्रधानपाठक एवं संकुल समन्वयकों की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर और एपीसी मनोज केला भी उपस्थित थे। जिला नोडल षडानंद सर्वांकर और विकासखंड नोडल शंकर लाल यदु ने बच्चों को परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा छठवीं से महाविद्यालय स्तर तक तीन श्रेणियों में आयोजित होगी। प्रांतीय स्तर पर पुरस्कारों में नकद राशि और गौ उत्पाद किट दी जाएगी, जिससे बच्चों में गौवंश संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। नोडल सर्वांकर ने कहा कि गौ माता के प्रति श्रद्धा भाव और संरक्षण की भावना बच्चों में विकसित करना हमारा उद्देश्य है। गौ पालन व सेवा में रूचि बढ़ाकर समाज को आगे बढ़ाना आवश्यक है। सभी प्राचार्यों, प्रधानपाठकों और समन्वयकों को अधिक से अधिक बच्चों को परीक्षा में सम्मिलित कराने का आह्वान किया गया।

### गौवंश के वैज्ञानिक लाभ

विकासखंड नोडल शंकर लाल यदु के अनुसार गाय के रीढ़ की हड्डी में सूर्यकेतु नाड़ी होती है, जो सूर्य ऊर्जा को कैरोटीन तत्वों में बदलती है। गाय के उत्पाद स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। गोबर आयनकारी विकिरण अवशोषित करता है और प्राकृतिक खेती के लिए खाद का कार्य करता है। गौ संरक्षण मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का आधार है।

# डॉ. इंद्र जितेन्द्र भारद्वाज के स्थानांतरण से भड़के ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमलीपदर में पदस्थ डॉक्टर इंद्रजितेन्द्र भारद्वाज के अन्यत्र जगह स्थानांतरण होने से स्थानीय नागरिको एवं जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है और आज बुधवार को क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ग्रामीणजन जिला मुख्यालय गरियाबंद पहुंचकर कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं जिला चिकित्सा अधिकारी नवरत्न को मांगपत्र सौपकर डॉक्टर के स्थानांतरण आदेश को निरस्त करने की मांग किया साथ ही आवेदन में मांग किया गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमलीपदर के डॉक्टर इंद्रजितेन्द्र भारद्वाज 26 जून 2024 से पदस्थ है उनके द्वारा ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिया जा रहा है और तो और उनके कार्य अवधि में आज तक 540 डिलीवरी प्रसव कराया गया है तथा मरीजो के प्रति अच्छे व्यवहार और अच्छी चिकित्सा सुविधा दिये जाने के कारण क्षेत्र की जनता डॉक्टर के कार्यो से संतुष्ट है।

■ गरियाबंद कलेक्टर को आवेदन देकर डॉक्टर का स्थानांतरण निरस्त करने की मांग

50 से ज्यादा सर्पदंश पीड़ित मरीजो का सफलता पूर्वक उपचार कर उन्हे नया जीवन दान दिया है उनके बेहतर कार्य को देखते हुए स्वतंत्रता दिवस 2025 को गरियाबंद कलेक्टर द्वारा प्रसस्ती पत्र प्रदान किया गया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उरमाल के आदेश क्रमांक 616/स्था/2025/गरियाबंद/दिनांक 17.09.2025 को निरस्त करते हुए पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमलीपदर में पदस्थ करने आदेश जारी किये जाने की मांग की है।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमति लोकेश्वरी नेताम, सरपंच संघ अध्यक्ष हलमन ध्रुवा, जनपद पंचायत मैनपुर के सभापति निर्भय सिंह ठाकुर, अमलीपदर के सरपंच हेमोबाई नागेश, मुड़गेलमाल के सरपंच केसरी नागेश, नवापारा सरपंच दुरूप ध्रुवा, बिरीघाट सरपंच जयराम मांझी, भेजीपदर सरपंच पुरूशोत्तम सोम, दाबरीगुड़ा सरपंच ललिता ध्रुवा, भाजपा मंडल कांदाडोंगर अध्यक्ष नवीन मांझी, महामंत्री मुकेश साहू, सहकारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक संजय दुबे, डिलेन्द्री मांझी, भारती मांझी व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो ने बताया कि अमलीपदर के डॉक्टर इंद्रजितेन्द्र भारद्वाज बेहतर स्वास्थ्य सेवा दे रहे है उन्हे उरमाल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्थानांतरित कर दिया गया है तत्काल स्थानांतरण आदेश को निरस्त किया जाये और क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाये साथ ही अमलीपदर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नाम से पदस्थ डॉ निशा ठाकुर को भी अमलीपदर में पदस्थ कर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये क्योकि महिला मरीजो को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है।

# रसेला में आंगनबाड़ी केंद्रों ने मनाया राष्ट्रीय पोषण माह

**रसेला।** ग्राम पंचायत रसेला में 23 सितंबर को राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों में पोषण के महत्व को समझाना और जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच, पौष्टिक आहार की जानकारी और पूरक पोषण के वितरण जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। जनप्रतिनिधियों का सहयोग और संदेश कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, पंच नरेश सोरी सहित कई माताएं मौजूद रहीं। सुखराम ठाकुर ने कुपोषण और एनीमिया को कम करने के लिए पोषण के महत्व पर जोर दिया। सरपंच रुपादेवी ने हरा साग, दाल और सोयाबीन जैसे खाद्य पदार्थों के सेवन पर बल दिया। उपसरपंच यादव ने समुदाय को पोषण माह की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

**पोषण माह के दौरान की गई गतिविधियां :** सुपोषण चौपाल, अन्नप्राशन दिवस, परिवार चौपाल, पौषण मेला, व्यंजन प्रदर्शन, नारा लेखन, निबंध, चित्रकला और दीवार लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। साथ ही, पोषण वाटिका भी विकसित की जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभा यादव, चित्ररेखा यादव, देवकुमारी ध्रुव, सहायिका रामबाई, मितानिन सुशीला सिन्हा, बिमला, किशोरी बालिका ओमकुमारी, दिव्या सहित गर्भवती और शिशुवती माताएं इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं।

# ब्लड स्टोरेज यूनिट लोकार्पित एवं डायलिसिस सेंटर का हुआ भूमिपूजन

**छुरा।** नगर की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाते हुए सोमवार को राजिम विधायक रोहित साहू के कर कमलों से ब्लड स्टोरेज यूनिट का लोकार्पण एवं डायलिसिस सेंटर का भूमिपूजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सम्पन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर को क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना से अब आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही रक्त उपलब्ध हो सकेगा, वहीं डायलिसिस सेंटर की सुविधा किडनी रोगियों के लिए वरदान साबित होगी। अब मरीजों को रायपुर या अन्य बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों की बचत होगी।

**छुरा के लिए गर्व का दिनः** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री रोहित साहू ने कहा कि छुरा क्षेत्र की स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हमने शासन-प्रशासन से लगातार मांग की थी। आज ब्लड स्टोरेज यूनिट और डायलिसिस सेंटर जैसी अत्यंत आवश्यक सेवाएं इस क्षेत्र को मिलना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह हजारों मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगी। यह सब कुछ लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी की दूरदृष्टि और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का ही परिणाम है।



**स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की रही सक्रिय भागीदारी :** कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद, जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, सभापति गरिमा ध्रुव, एसडीएम रिचा ठाकुर, बीएमओ डॉ. कीर्तन साहू, सीईओ सतीश चंद्रवंशी, सीएमओ यमन देवगन, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष थानसिंग निषाद, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, मितानिन दीदी, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बीआरसी को हटाने 35 संकुल समन्वयकों ने सौंपा ज्ञापन

**छुरा।** विकासखंड छुरा के 35 संकुल समन्वयकों ने बीआरसी एच.के. देवांगन को तत्काल पद से हटाने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में देवांगन पर शासन के नियमों के विरुद्ध नियुक्ति, आर्थिक अनियमितता, मानसिक उत्पीड़न और कार्य में हस्तक्षेप जैसे कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि बीआरसी देवांगन का व्यवहार दबावपूर्ण और अपमानजनक है, जिससे समन्वयकों को काम करने में असहजता हो रही है। देवांगन लगातार ऊंचे पहुंच की धमकी देकर निलंबन और कार्रवाई की चेतावनी देते रहते हैं, जिससे समन्वयक मानसिक तनाव में हैं।

■ उपेक्षापूर्ण व्यवहार और आर्थिक गड़बड़ियों के गंभीर आरोप

इसके अलावा, आरोप है कि विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संकुल स्तर पर आयोजित कर




आर्थिक भार संकुल समन्वयकों पर डाला जाता है, जबकि बीआरसी कार्यालय राशि आहरण के बावजूद भुगतान नहीं करता। होटल और अन्य एजेंसियों द्वारा भुगतान के लिए समन्वयकों को परेशान किया जाता है। बीआरसी द्वारा ऑनलाइन बैठकों के माध्यम से संवाद सीमित कर दिया गया है, जिससे शैक्षणिक समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। वहीं, शाला प्रवेश उत्सव जैसे आयोजनों के लिए भी बीआरसी द्वारा राशि वसूली का आरोप है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि देवांगन को मूल विद्यालय में वापस नहीं भेजा गया, तो काम बंद-कलम बंद आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### आर्थिक अनियमितताओं का आरोप

ज्ञापन के अनुसार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था के लिए बीआरसी कार्यालय द्वारा राशि तो आहरित की जाती है, लेकिन भुगतान की जिम्मेदारी संकुल समन्वयकों पर डाल दी जाती है। इससे न केवल आर्थिक दबाव बनता है, बल्कि स्थानीय सेवा प्रदाताओं द्वारा समन्वयकों को भुगतान के लिए प्रताड़ित भी किया जाता है।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया

शिवेश शुक्ला, जिला समन्वयक (समग्र शिक्षा), ने पुष्टि की कि सभी 35 संकुल समन्वयकों ने बीआरसी देवांगन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कलेक्टर और जिला सीईओ से निर्देश प्राप्त कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सामाजिक नेता लाला साहू का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**राजिम।** साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष एवं लोकप्रिय सामाजिक नेता लाला साहू का जन्मदिन बुधवार को श्री सिद्ध मनोकामना हनुमान मंदिर में धार्मिक वातावरण में मनाया गया। पूजन-अर्चन पंडित सौरभ मिश्रा एवं विकास मिश्रा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम भगवान बजरंगबली की पूजा-अर्चना की गई, तत्पश्चात महाआरती एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ भजन-कीर्तन का



आयोजन हुआ। मंदिर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री दत्तात्रेय सेवा समिति के सदस्यों ने सामाजिक नेता लाला साहू को पुष्पमाला, गुलदस्ता भेंट कर एवं शाल-श्रीफल से सम्मानित किया तथा जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं। प्रातःकाल ही राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की। दिनभर सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के मित्रगण उनके निवास पर पहुँचकर शुभकामनाएँ देते रहे। आभार व्यक्त करते हुए लाला साहू ने कहा कि मेरे जन्मदिन पर शुभकामनाएँ और बधाइयाँ देने वाले सभी मित्रों, परिजनों एवं शुभचिंतकों का हृदय से धन्यवाद करता हूँ। आपके स्नेह और आशीर्वाद से मेरा यह दिन बहुत खास और यादगार बन गया। आप सभी का प्यार और सहयोग सदैव बना रहे, इसी कामना के साथ पुनः आभार व्यक्त करता हूँ।







### लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# गरियाबंद और फिंगेश्वर मार्ग में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

क्वार की इस मूसलाधार 16 घंटे की बारिश ने गरियाबंद जिले का सबसे बड़ा सिटी धर्मनगरी राजिम का हाल बेहाल कर दिया है। राजिम बस स्टेण्ड से थोड़ा आगे गरियाबंद मार्ग पर घुटने तक पानी भर आया वहीं फिंगेश्वर-महासमुंद मार्ग पर बस स्टेण्ड से आगे शिवाजी चौक का एरिया भी पानी से भरा रहा। यह पहली बार नही है इससे पहले भी हल्की बारिश में भी इन दोनो प्वाइंट में पानी का जमाव होते रहा है। मंगलवार की रात से बुधवार को पूरा दिन अनवरत रूप में बारिश होने के कारण यहां की हालत और बिगड़ गई।

- शहर की सड़कों पर घुटनों तक पानी, नाले उफान पर

दुपहिया वाहनो के चक्के पानी के अंदर डुबते हुए चल रहे थे जबकि चार पहिया वाहनो से पानी के छींटे दूर तक पड़ रहे थे। चारों तरफ पानी ही पानी का नजारा दिखने लगा है। राजिम पहुंच मार्ग पर पड़ने वाले छोटे- बड़े सभी नाले उल्ला-पुल्ला चल रहे है। नदी में जल का स्तर बढ़ चुका है। बुधवार को बारिश के वजह से बाजार, सड़के सब सुनी रही। कई दुकानें तो खुली ही नहीं। जो दुकाने खुली थी वो बोहनी के लिए तरस गए। अधिकांश यात्री बसो के पहिए सवारी के अभाव में थमी रही। शहर के महामाया मंदिर के पास भी 2 फीट पानी गलियों तक भरा था, राजिम से बेलटुकरी मार्ग में पथर्रा नाला और न्यायालय के पास वाला नाला भी ऊफान पर है। इस मार्ग में भी दोनों जगह पर दो-दो फीट पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है। दुपहिया से आने-जाने वाले लोग रिस्क लेकर नाले के ऊपर से सफर करने मजबूर हैं। इधर स्कूलो में इन दिनों त्रैमासिक परीक्षाएं चल रही है। इन सभी मार्गो से शहर में पढ़ाई करने के लिए छात्र-छात्राएं आते है। यदि सड़क बंद रहा तो स्कूल आने में इन बच्चो को परेशानियो का सामना करना पड़ेगा।




### पालिका अध्यक्ष ने प्रभावित क्षेत्रो में किया भ्रमण

बारिश के कहर को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू व भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा बारिश से प्रभावित मुहल्ले वार्ड नंबर 7 एवं 4 में पहुंचे। भर गए पानी को जेसीबी से रास्ता बनाकर खाली कराने में लगे रहे। अध्यक्ष ओमकुमारी ने बताया कि शहर के जिन हिस्सो में पानी भरने की खबर आई वहां वे पहुंचकर स्थिति का अवलोकन किए। मुहल्ले के लोगो से बात किया।

## घरों में घुसा पानी, बाजार व सड़कें हुई सूनी

**नवापारा-राजिम।** बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण मंगलवार की आधी रात से हो रही मूसलाधार बारिश थमने का नाम नही ले रही है। बुधवार को पूरा दिन लगातार बिना रूके बारिश होती रही। ये बारिश नवापारा शहर के कई मुहल्लो को प्रभावित किया है। आदर्श कालोनी में खेतो का पानी आ जाने के कारण घुटने से ऊपर तक चलने लगा है। पानी की यह धार लोगो के घरो में घुस गई है इससे इस कॉलोनी सहित शहर के निचले मुहल्लो में तबाही मचा दिया है। कुछेक कच्चे मकानो के क्षतिग्रस्त होने की खबर आई है मगर इसकी पुष्टि नही हो पाई है। कई स्थानों पर ईट की बनी बाउंड्रीवाल धराशाई हो गई है। लगातार हो रही बारिश से शहर का व्यापार-व्यवसाय प्रभावित हुआ है। बाजार सुना रहा,सड़के वीरान रही। सड़को में होने वाली चहल-पहल थम गई।



शिक्षण संस्थानों में बच्चो की उपस्थिति कम रही। जहां पहुंचे वहां निर्धारित समय से पहले छुट्टी दे दी गई। शहर के अधिकतर दुकानों में दोपहर दो बजे के बाद ताले लटके हुए दिखाई दिए। यात्री गाड़ियो के टाइमिंग बहुत हद तक प्रभावित हुआ। बारिश के चलते गाड़ियो को सवारी नही मिली। अधिकांश टाइमिंग सस्पेंड हुए। बस स्टेण्ड में खड़ी ऑटो में सवारी नही दिखी। यहां तक कि रोज सुबह से खुलने वाले चाय,पान की दुकाने,फल फ्रुट के ठेले,सड़को के ऊपर दाएं-बाएं लगने वाले बड़ा,भजिया,गुपचुप,चाट के ठेले पूरी तरह से बंद रहा। बारिश के चलते लोग घरो में दुबके नजर आए। ढाबा,होटल के अधिकतर शटर सुबह से ही नही खुले। पूरा दिन आकाश पे छाए रहे बादल के कारण रात जैसा अंधेरा नजर आया। क्वंर की इस बारिश ने सावन भादो की याद दिला दी। राजिम के महानदी में जलस्तर बढ़ता हुआ दिख रहा है। जबकि क्षेत्र के छोटे-बड़े नाले ओवरफ्लो चल रहे है।

## सिकासार से छोड़ा पानी तटीय इलाकों को किया सतर्क



**गरियाबंद/मैनपुर।** गरियाबंद जिले में मंगलवार देर रात से ही झमाझम बारिश का सिलसिला जारी है। बुधवार को भी सुबह से रुक-रुककर हल्की और मध्यम बारिश होती रही, वहीं कुछ इलाकों में तेज बारिश हुई। बादलों की गड़गड़ाहट और काले बादलों से जिलेभर में अंधेरा छा गया। लगातार बारिश से पैरी नदी में बाढ़ आ जाने से उफान पर हैं। गरियाबंद मुख्यालय समेत राजिम, फिंगेश्वर, छुरा, मैनपुर और देवभोग क्षेत्र में भी मौसम ने करवट ली है।

- गरियाबंद में मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफान पर

जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण सिकासार जलाशय का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए बुधवार दोपहर 3 बजे से बांध से 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जल संसाधन विभाग ने तटीय और निचले क्षेत्रों के ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की है। अनुविभागीय अधिकारी, पैरी शीर्ष कार्य जल संसाधन उपसंभाग क्र. 02 के अनुसार, शुरुआती चरण में 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। हालांकि, बांध में पानी की आवक पर निर्भर करते हुए इस दर को घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है। वर्तमान में सिकासार जलाशय का जलभराव 196.80 मि.क्यू.मी यानी 98.93 प्रतिशत तक पहुँच चुका है।

**प्रशासन ने जारी किया अलर्टः** पानी छोड़े जाने की सूचना के बाद पुलिस, जिला प्रशासन और बाढ़ नियंत्रण कक्ष को अलर्ट कर दिया गया है। स्थानीय प्रशासन ने तटीय गांवों में मुनादी कराने और लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। विभाग ने विशेष रूप से ग्रामीणों से अपील की है कि वे नदी किनारे अनावश्यक रूप से न जाएं।

**धमतरी में भी भारी बारिश का अलर्ट :** धमतरी जिले में मंगलवार रात से लगातार बारिश जारी है। मौसम विभाग ने यहां अगले 24 घंटे के भीतर भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है।



## भारी बारिश के चलते रसेला सहित क्षेत्र में बाढ़ के हालात, संपर्क टूटा



**रसेला।** अश्विनी माह की नवरात्रि के साथ झमाझम बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। रसेला सहित पूरे अंचल में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। ढोडगा नाला एक बार फिर उफान पर आ गया है, जिससे रसेला और उसके आसपास के दर्जनों गांवों का संपर्क छुरा मुख्यालय से टूट गया है।

- ढोडगा नाला बना आफत का कारण, रसेला सहित दर्जनों गांवों का संपर्क टूटा
- जनजीवन प्रभावित, छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों की आवाजाही पर भारी असर

रसेला के पास बहने वाला ढोडगा नाला क्षेत्रवासियों के लिए हर साल बड़ी मुसीबत बन जाता है। पुल नहीं होने के कारण हर बारिश में यह नाला गांवों को मुख्यधारा से काट देता है। ग्रामीणों को ज़रूरी कामों जैसे अस्पताल, बैंक, थाना, स्कूल, और तहसील के लिए जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ती है। इस बार की 16 घंटे की बारिश ने हालत और बिगाड़ दी है। खेत-खलिहान, तालाब-कुएं पानी से लबालब हैं। नदी-नाले रौद्र रूप में हैं। वहीं, रसेला और रावनाभाटा के पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे सैकड़ों ग्रामीण और छात्र-छात्राएं फंसे हुए हैं।

### जनप्रतिनिधियों पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

ग्रामीणों और जनपद सदस्यों ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि वोट मांगने के समय नेता गांव-गांव आते हैं, लेकिन पुल और सड़क जैसे मूलभूत कार्य आज तक अधूरे हैं। ढोडगा नाला दो विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ता है, इसके बावजूद आज तक यहां एक उच्चस्तरीय पुल का निर्माण नहीं हुआ। जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, बिमला नागेश, सुखराम ठाकुर, मिलन्तीन कुंजाम, और क्षेत्र के सरपंच रूपादेवी ठाकुर, हेमलता ध्रुव, लता नागेश आदि ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अब सब्र का बांध टूट चुका है, ज़रूरत पड़ी तो आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

## भारी बारिश से नाला उफान पर, जान जोखिम में डाल पार कर रहे ग्रामीण

### कई जगहों से संपर्क कटा, कई गांवों का चक्कर लगाकर पहुंच रहे गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर

फिंगेश्वर ब्लॉक मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर स्थित ग्राम रवेली इन दिनों भारी बारिश और नाले के उफान से पूरी तरह प्रभावित है। गांव के मुहाने पर बहने वाले इस नाले ने संपर्क मार्ग को काट दिया है। मजबूरीवश रवेली ग्रामवासी दूसरे कई गांवों का चक्कर लगाकर अपने गांव आना जाना करने को विवश हैं। लगातार बारिश से नाला बाढ़ की स्थिति में है जिसके चलते रवेली गांवों का संपर्क



मुख्यालय से टूट चुका है। फिर भी जान जोखिम में डालकर लोग पार हो रहे हैं, यही उनकी मजबूरी है। ग्रामीण बताते हैं कि वर्षों पूर्व यहां एक पुल का निर्माण हुआ था, लेकिन समय के साथ वह ध्वस्त हो गया। तब से लेकर अब तक गांववासी कभी खुद मरम्मत तो कभी रपटा से रास्ता बनाकर किसी तरह आवागमन करते रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से इस पुल के निर्माण की मांग लगातार उठती रही है, लेकिन अब तक किसी भी सरकार या विधायक के कार्यकाल में नहीं बना। वर्तमान विधायक रोहित साहू से भी सामूहिक आवेदन कर पुल स्वीकृत कराने की मांग की गई थी, लेकिन दो साल बीतने के बाद भी यह मांग अधूरी है। बारिश के दिनों में ग्रामीणों का जीवन संकटग्रस्त नरकीय हो जाता है। नाले की धार पार करना जान जोखिम में डालने जैसा है।

### चुनाव का करेंगे बहिष्कार

ग्रामीणों में गहरा आक्रोश और नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही पुल निर्माण की स्वीकृति नहीं दी गई तो आने वाले सभी चुनावों का सामूहिक बहिष्कार किया जाएगा। यह मामला केवल एक पुल का नहीं बल्कि जीवन रेखा से जुड़े अधिकार का है। वर्षों से उपेक्षित रवेली और आसपास के गांव आज भी विकास की मुख्यधारा से कटे हुआ है। यह सड़क मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग गरियाबंद अन्तर्गत है। अधिकारी योजना बनाकर सरकार के पास भेजने की बात कहीं है।

## जलभराव की समस्या का होगा जल्द निवारणः ओमकुमारी

**नवापारा-राजिम।** नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने नगर के विभिन्न वार्डों के निरीक्षण के दौरान मीडिया से बात करते हुए बताया कि लगातार तेज बारिश से नगर में जलभराव की समस्या उत्पन्न हुई है। वार्डो में पहुंचकर लोगों को समस्याओं से रूबरू हुई हूं। बारिश से कई मार्गो एवं घरों में जल भराव को स्थिति निर्मित हुई है। कई स्थानों में जेसीबी बुलाकर तुरंत समस्या का समाधान किया गया। शासन को प्रस्ताव भेजकर कुछेक छोटी नालियों को बड़ा किए जाने की योजना है।



रेल्वे पटरी के आसपास स्थान में पानी निकासी व्यवस्था के लिए रेलवे अधिकारियों से बात कर समाधान किया जाएगा। बता दें कि बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम का व्यापक असर नवापारा नगर में भी देखने को मिला। लगातार तेज बारिश ने नवापारा नगरवासियों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी। नगर के कई मोहल्ले एवं कालोनियों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई घरों में पानी घुस गए।

नगर में उत्पन्न हुई समस्या के निरीक्षण के लिए नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कई बस्तियों का दौरा किया। दोपहर बारिश में पालिका अमले को अलर्ट किया एवं परिस्थितिया अनुरूप तैयारी रखने के लिए पालिका कर्मियों को निर्देशित किया। मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा एवं टीम के साथ नगर के विभिन्न मोहल्ले, कॉलोनीयो एवं निचली बस्तियों में जाकर लोगों की समस्या से अवगत हुई। कई मोहल्ले के प्रमुख मार्गो में दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ था। कई घरों के अंदर पानी भी घुसने लगा था। आदर्श कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 21 चक्रधारी पारा, वार्ड क्रमांक 7, वार्ड क्रमांक 4, सोमवारी बाजार एवं नगर के अन्य वार्डो में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी।

**जेसीबी मंगवाकर की गई जलबहाव की व्यवस्था :** रेलवे पटरी के किनारे बस्तियों में पहुंचकर जल भराव को देख समस्या के त्वरित निवारण के लिए पालिका कर्मचारियों को निर्देश दिए। वार्डो में जाम पानी की निकासी के लिए तुरंत जेसीबी मंगवाकर पानी बहाव को व्यवस्था की गई। नवापारा नगर में पिछली रात से लगातार तेज बारिश हो रही है। जिससे नगर की नालिया ओवरफ्लो हो गई है। पानी इतना अधिक गिरा कि कई वार्डो के मार्गो में दो फीट तक पानी भर गया था।

### दो मोटर साइकिल में जबरदस्त टक्कर, 4 घायल

**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी में देर शाम दो मोटर साइकिल राजापड़ाव बाजाघाटी के बीच जबरदस्त टक्कर हो गया जिसमें चार लोग घायल हो गये घायलो को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया और प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया है।




Ajay Advt.



Ajay 9827144371


## बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावित



**मुड़ागांव(कोरासी)।** क्षेत्र में बीते रात्रि मंगलवार से अनवरत झमाझम बारिश हो रही है। जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है,लोग घर से बाहर नहीं निकल रहें हैं नदी नाले उफान पर है इस वर्ष अषाढ़ सावन में जितना बारिश नहीं हुई है उससे ज्यादा क्वांर महिने के नवरात्र के दुसरे दिन के रात्रि से अनवरत बारिश हो रहा है । जिससे आवागमन अवरुद्ध हो गया है। सड़कों पर पेड़ गिर जाने से घंटो आवागमन में अवरुद्ध हो गया था। मड़ेली से छुरा मार्ग पर लगातार वर्षा होने के कारण बबूल का वृक्ष गिर गया था जहां वाहनों की लगी कतारें लगी रहीं बबूल के वृक्ष सड़क के बीचोंबीच गिर जाने से आवागमन पुरा बाधित हो गया था जिसको ग्रामीणों द्वारा कांट कर हटाया गया।








